वाल्मीकिनगर पहुंचे डीआईजी, किया थाने का निरीक्षण

● गार्ड ऑफ ऑनर से किया गया सम्मानित ● पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

वाल्मीकिनगर (पचं)। पश्चिमी चंपारण रेंज के डीआईजी हरिकिशोर राय ने शनिवार को वाल्मीकिनगर थाने का निरीक्षण किया। डी आई जी के थाने पहुंचते ही गार्ड ऑफ ऑनर से उन्हें सम्मानित किया गया।उसके उपरांत उन्होंने पुलिस अधिकारी व जवानों के आवास सहित थाना परिसर ग्राउंड के साफ- सफाई तथा स्वच्छता का भी निरीक्षण किया।

साथ ही थाना परिसर में डीआईजी एवं एसपी ने आम का पौधा रोपण कर वातावरण संरक्षण का संदेश दिया।डीएपी महिला व पुरुष गार्ड के आवासों,गृह रक्षक बल के आवासो का भी निरीक्षण किया। सरिस्ता,कंप्यूटर रूम,थानाध्यक्ष कार्यालय, हाजत,मलखाना,आगंतु कक्ष सहित अन्य कई चीजों का भी निरीक्षण किया तथा कई दिशा-निर्देश दिए।इस बाबत जानकारी देते हुए पुलिस डीआईजी श्री राय ने बताया कि डी आई जी स्तर से सभी थानों का वार्षिक



निरीक्षण किया जाता है।तथा उपलब्ध संसाधनों का सही इस्तेमाल हो रहा है,या नहीं, इसकी भी जांच की जाती है।इसी क्रम वाल्मीकिनगर थाने का निरीक्षण किया गया है।निरीक्षण के दौरान थाने के कार्यालय के अभिलेखों का जांच पड़ताल किया गया है तथा लंबित कांडों का शीघ्र निष्पादन के लिए आदेश दिया गया है। वाल्मीकिनगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार कुमार से क्षेत्र में अपराध और अपराध नियंत्रण के बाबत जानकारी ली गई है। एवं पुलिस और पब्लिक के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि साफ- सफाई पर विशेष ध्यान रखने की ताकीद की गई है।निरीक्षण में लगभग सभी फाइल्स को कंप्लीट पाया गया है। कुछ कमियां थी। जिन्हें शीघ्र ही पूरा करने का निर्देश दिया गया है।सभी पुलिस कर्मियों की उपस्थिति की भी जांच पड़ताल की गई है।साथ ही कई दिशा-निर्देश भी दिए गए है।

इस अवसर पर बगहा एसपी राजेश कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी निहार भूषण,सर्किल इंस्पेक्टर संजय कुमार पाठक, डीआईजी के रीडर व क्राइम कपूर नाथ शर्मा, वाल्मीकिनगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक सरिता कुमारी, ज्योतिपुंज, नेहा कुमारी, अनिल पासवान, अनिल सिंह, मुन्ना सिंह, मनोज कुमार, पवन सिंह, राजेश कुमार, विकास कुमार, विकास कुमार सिंह, सुनील कुमार, सार्जेंट मेजर मो. सरफुद्दीन, प्रमोद कुमार साह सहित कई पुलिस अधिकारी और जवान मौजूद रहे।

मछुआरे के जाल में फंसा घड़ियाल

लौरिया (संवाद सूत्र)। प्रखंड के धोबनी पंचायत के मलाहिटोला गांव से गुजरने वाली सिकराहना नदी में शुक्रवार की देर शाम में जाल लगाकर मछली पकड़ रहें मछुवारे सुखाड़ी चौधरी, राजा चौधरी,सुकट चौधरी,के जाल में घड़ियाल फसगया खोभारी चौधरी ने बताया कि शुक्रवार को शाम में सिकराहना नदी में लगे बरीयारी (बांध) के आगे सिकराहना नदी में पानी में बड़ी तेज कंपन पैदा हुआ। तो हम लोगों को लगा कि कोई बड़ी मछली हैं।जिसे पकड़ने के लिए हम लोग जाल लगाकर पकड़े तो पता चला कि एक पांच फिट का घड़ियाल है रात होने के चलते हम लोग उसे रातभर रखे शनिवार को स्थानीय थाना में सुचना दिया गया तो रामनगर से रेस्क्यू टीम पहुंची और घड़ियाल को अपने साथ लेकर चली गई। वहीं इस संबंध में थानाध्यक्ष इंद्रजीत पासवान ने बताया कि सूचना मिली थी कि सिकराहना नदी में एक घड़ियाल मिला है । जिसका सुचना रामनगर के रेस्क्यू टीम को दिया गया ।

विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं के कार्यों में लायें तेजी : डीएम

बेतिया। जिलाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता, आंगनबाड़ी केंद्रों की संबद्धता, विद्यालयों के लिए भूमि की उपलब्धता तथा शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के अभिलेखों के सत्यापन को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मिशन कायाकल्प के अंतर्गत चिन्हित 2500 विद्यालयों में लघु मरम्मति, रंग-रोगन, फर्श की मरम्मति, पेयजल एवं रनिंग वाटर सहित अन्य आवश्यक बुनियादी सुविधाओं से संबंधित कार्य 31 अक्टूबर 2026 तक हर हाल में पूर्ण कराने का निर्देश सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी इस कार्य को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। विद्यालयों में कार्य प्रारंभ होने एवं कार्य पूर्ण होने से संबंधित फोटोग्राफ निर्धारित ग्रुप में उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया। विभागीय निर्देशों के आलोक में पर्याप्त कमरे एवं आवश्यक बुनियादी ढांचे वाले प्राथमिक विद्यालयों को चिन्हित कर उनसे आंगनबाड़ी केंद्रों को संबद्ध करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही जिन विद्यालयों में अतिरिक्त भूमि उपलब्ध है, उन्हें भी चिह्नित कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा गया, ताकि वहां आंगनबाड़ी केंद्र भवन के निर्माण हेतु आवश्यक कार्रवाई की जा सके। सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को अपने स्तर से अनुश्रवण करते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों की संबद्धता से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन तीन दिनों के भीतर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। भूमिहीन विद्यालयों के संबंध में जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों, मुखिया, वार्ड पार्षद, अंचलाधिकारी एवं अन्य संबंधित प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर विद्यालय के लिए भूमि उपलब्ध कराने की दिशा में आवश्यक पहल करने का निर्देश दिया। भूमि उपलब्ध होने की स्थिति में संबंधित अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर नजरी नक्शा सहित सूची उपलब्ध कराने को कहा गया। जिलाधिकारी ने मॉडल विद्यालयों सहित जिले के सभी विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नियमित निरीक्षण एवं अनुश्रवण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों एवं उपलब्ध सुविधाओं की स्थिति पर सतत निगरानी रखने पर जोर दिया।

जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, बेतिया को जिले के सभी कोटि के प्रारंभिक विद्यालयों तथा माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मियों का के माध्यम से जांच एवं सत्यापन कार्य अविलंब पूर्ण कराने तथा इसकी रिपोर्ट विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, काजले वैभव नितिन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, राजन कुमार सहित शिक्षा विभाग के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

दिलशाद अंसारी की मौत का मामला पहुंचा मुख्यमंत्री सचिवालय

विधायक अभिषेक रंजन के पत्र पर गृह विभाग को कारवाई का निर्देश

बेतिया। चनपटिया प्रखंड के अवैरैया गांव निवासी दिलशाद अंसारी की पुलिस हिरासत में हुई मौत का मामला अब मुख्यमंत्री सचिवालय तक पहुंच गया है। चनपटिया के विधायक अभिषेक रंजन द्वारा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पत्र लिखकर न्याय की मांग किए जाने के बाद मुख्यमंत्री सचिवालय ने मामले को आवश्यक कार्रवाई के लिए गृह विभाग के प्रधान सचिव के पास भेजा है। सचिवालय ने मामले में नियमानुसार जांच कर समुचित निर्णय लेने तथा की गई कार्रवाई से विधायक को अवगत कराने का निर्देश दिया है। विधायक अभिषेक रंजन ने 13 अक्टूबर को मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर दिलशाद अंसारी की मौत की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने, दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध हत्या की प्राथमिकी दर्ज करने, पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान करने की मांग की थी। मुख्यमंत्री सचिवालय के उप सचिव मो. इमरान की ओर से 23 अक्टूबर 2026 को जारी पत्र में विधायक के आवेदन का उल्लेख करते हुए उसे गृह विभाग के प्रधान सचिव को भेजने की जानकारी दी गई है। पत्र में संबंधित मामले की जांच कर समुचित निर्णय लेने और की गई कार्रवाई से विधायक के साथ मुख्यमंत्री सचिवालय को भी अवगत कराने को कहा गया है। विधायक अभिषेक रंजन ने कहा कि दिलशाद अंसारी की मौत का मामला बेहद गंभीर है।

पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो और जांच में जो भी दोषी पाए जाएं, उनके खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाए। किसी भी परिस्थिति में पीड़ित परिवार को न्याय से वंचित नहीं किया जाना चाहिए।

आधा दर्जन लोग गिरफ्तार

साठी। पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान के तहत शुक्रवार की रात आधा दर्जन पियअकडो को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया इस संदर्भ में थानाअध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बतलाया किवरिये पदाधिकारी के आदेश के आलोक में टीम बना कर छापेमारी की गई जहां गुलाब नगर धागड टोली से विपिन पासवान साठी .संजय शाह बहुअरवा बद्री राम गोनाही विजय मुखिया और सतन मुखिया बसंतपुर तथा बबलू यादव बेलवा टोला को हिरासत में लिया गया । जिन्हें शनिचरी थाना मे ले जा कर ब्रेथ इनलाईजर से जांच करने पर शराब पीने की पुष्टि के बाद गिरफ्तार कर लिया गया । एवं शनिवार को जेल भेज दिया गया ।

नारायणी प्रेस क्लब की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

बगहा (आससे)। नारायणी प्रेस क्लब की एक आवश्यक बैठक ग्राम गोइती नरवल बरवल साइफन के समीप क्लब के अध्यक्ष सुशील कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, पत्रकारों के हितों की रक्षा करने तथा अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए चार प्रमुख एजेंडों पर विस्तार से चर्चा की गई और सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में लिए गए मुख्य निर्णय (चार प्रमुख एजेंडा)। बैठक में यह कड़ा निर्णय लिया गया कि नारायणी प्रेस क्लब से जुड़े सभी सदस्य केवल इसी संगठन का हिस्सा रहेंगे। क्लब का कोई भी सदस्य किसी अन्य स्थानीय पत्रकार यूनियन या संगठन से जुड़ा नहीं रह सकता है। क्लब के सर्वांगीण विकास और सुचारू संचालन के लिए सदस्यों से सहायता शुल्क (योगदान) को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई, जिससे संगठन आर्थिक रूप से और अधिक मजबूत हो सके। क्लब में वर्तमान में खाली



पड़े विभिन्न पदों पर योग्य और सक्रिय सदस्यों को मनोनीत किए जाने की प्रक्रिया पर भी विचार-विमर्श किया गया, ताकि संगठन की कार्यप्रणाली में तेजी लाई जा सके।

चुनाव आयुक्तों को कानूनी संरक्षण के खिलाफ रैली 1 को

नौतन। एसआईआर के तहत मतदाता सूची से नाम हटाने के विरोध और चुनाव आयुक्तों को मुकदमे से आजीवन संरक्षण देने वाले कानून को खत्म करने की मांग को लेकर 1 नवंबर, रविवार को बेतिया के शहीद पार्क में रैली आयोजित की जाएगी। लोक संघर्ष समिति एवं नागरिक समाज, पश्चिम चंपारण की ओर से जारी अपील में ज्ञानेश कुमार की गिरफ्तारी की मांग भी उठाई गई है। आयोजकों का आरोप है कि एसआईआर के माध्यम से करोड़ों मतदाताओं के नाम काटे गए हैं तथा मतदाता सूची में मनमाने ढंग से नाम जोड़ने-काटने की कार्रवाई हुई है।

फसल क्षति के सत्यापन को लगी पंचायत सरकार भवन में किसानों की भीड़

योगापट्टी। बाढ़ के पानी से फसलों को हुई क्षति पर योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र के बलुआ भवानीपुर के पंचायत के वार्ड नंबर पांच मे स्तिथ पंचायत सरकार भवन मे दिन शनिवार को ग्यारह बजे से कृषि समन्वयक पदाधिकारी सत्यवीर पाण्डेय की अध्यक्षता मे बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रो के फ़सल क्षति सत्यापन को लेकर फार्म जाँच प्रक्रिया किया गया साथ ही हस्ताक्षर भी हुए,इस मौके पर प्रखंड क्षेत्र के जरलपुर खुटवानिया, बलुआ भवानीपुर पंचायत से कवलापुर गांव से किसानों की फ़सल क्षति फार्म पर हस्ताक्षर को लेकर सैंकड़ो की संख्या मे किसानों की लगी रही भीड़। इस मौके पर दोनों पंचायतो के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे साथ मे कृषि सलाहकर रणविजय कुमार वर्मा शामिल रहे।

बैरिया (आससे) सेप्राप्त खबरों के अनुसार- बैरिया। फसल क्षति के बाद कृषि इनपुट सहायता के लिए किए गए आवेदन पर हस्ताक्षर कराने को लेकर शनिवार को बैरिया ई-किसान भवन में किसानों की भारी भीड़ जुटी। विभिन्न पंचायतों से पहुंचे किसान घंटों इंतजार करते रहे, लेकिन समय पर संबंधित कर्मी के नहीं पहुंचने से ग्रामीणों में नाराजगी देखी गई। बैरिया प्रखंड प्रमुख पप्पू राम ने बताया कि शनिवार को ई-किसान भवन में एक कर्मी मौजूद था, जबकि मलाही, बलुआ, तधवानन्दपुर, लौकरिया, बथना समेत कई पंचायतों से बड़ी संख्या में किसान फसल क्षति इनपुट आवेदन पर हस्ताक्षर कराने पहुंचे थे।

सरस्वती भारत गैस की संचालिका की माता की श्राद्ध समारोह में पहुंचे दिग्गज

गौनाहा (संवाद सूत्र)। सरस्वती भारत गैस, गौनाहा की संचालिका सुश्री



सुजाता कुमारी की पूज्य माता का निधन गत 11 अक्टूबर को हो गया। उनकी 13वीं बरसी/ श्राद्ध समारोह आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नेता, प्रशासनिक पदाधिकारी एवं समाजजनों ने पुष्प, माला एवं सुमन अर्पित कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव, प्रतिपक्ष नेता तेजस्वी यादव, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, बिस्कोमान के पूर्व अध्यक्ष सुनील सिंह, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य सहित अनेक गणमान्य नेता एवं समाजजन उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की पुण्यस्मृति को नमन किया और शोकसंतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर सुश्री सुजाता कुमारी के भाई उदय नारायण चौधरी,बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग के पूर्व सदस्य विजय कुमार चौधरी,वर्तमान आयोग के सदस्य अजीत कुमार चौधरी, सुश्री सुजाता कुमारी के पति अशोक कुमार तथा समस्त बहनें उपस्थित रहीं। परिवार की ओर से सभी शोकसंतप्त परिजनों, शुभचिंतकों एवं उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का हृदय से आभार व्यक्त किया गया।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, उत्तरी बिहार कार्य प्रमण्डल

बिहार राज्य खाद्य निगम, मुजफ्फरपुर

अल्पकालीन ई पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना सं०-04/NB/2026-27

(केवल ई-टेंडरिंग पद्धति के अनुसार वेबसाइट द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, उत्तरी बिहार कार्य प्रमंडल, बिहार राज्य खाद्य निगम मुजफ्फरपुर।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : 21.10.2026
3. निविदा अपलोड करने की आरंभ तिथि : 02.11.2026 10:00 बजे पूर्वाहन से (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
4. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय : दिनांक 09.11.2026 के 15:00 बजे तक अप० (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
5. प्री बीड् मीटिंग का समय एवं स्थान : 03.11.2026 बिहार राज्य खाद्य निगम, निगम मुख्यालय, पटना।
6. तकनीकी बीड् खोलने की तिथि/समय : दिनांक 09.11.2026 के 15:30 बजे अप० के बाद (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
7. वित्तीय बीड् खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : तकनीकी बीड् के निष्पादन के उपरांत www.eproc2.bihar.gov.in पर

क्र० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि(रू० में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय रू० में) Through e-payment(i.e NEFT/RTGS/CREDIT CARD/DEBIT CARD)	BID Processing Fee(Through online Payment) (अप्रत्यर्पणीय रू० में) Through e-payment (i.e NEFT/RTGS/CREDIT CARD/DEBIT CARD) (Inclusive of GST)	कार्य समाप्ति की अवधि (एकरारनामा की तिथि से)
1	समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के दो अदद् टी०पी०डी०एस० एस०एफ०सी० गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा)	1454896	29500	2950	As Per Beltron	3 माह
2	समस्तीपुर जिलान्तर्गत वारिशनगर प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के दो अदद् टी०पी०डी०एस० एस०एफ०सी० गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा)	1621336	32500	5900	As Per Beltron	3 माह
3	समस्तीपुर जिलान्तर्गत उजियारपुर प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के दो अदद् टी०पी०डी०एस० एस०एफ०सी० गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा)	1195386	24000	2950	As Per Beltron	3 माह
4	मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत साहेबगंज प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के टी०पी०डी०एस० एस०एफ०सी० गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा)	979284	19600	1475	As Per Beltron	3 माह
5	मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत बन्दरा प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के टी०पी०डी०एस० एस०एफ०सी० गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा)	847218	17000	1475	As Per Beltron	3 माह
6	मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत गायघाट प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के दो अदद् टी०पी०डी०एस० एस०एफ०सी० गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा)	1771548	35500	5900	As Per Beltron	3 माह
7	वैशाली जिलान्तर्गत राजापाकर प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के टी०पी०डी०एस० एस०एफ०सी० गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा)	957651	19500	1425	As Per Beltron	3 माह
8	वैशाली जिलान्तर्गत महुआ प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के टी०पी०डी०एस० एस०एफ०सी० गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा)	1017806	20500	2950	As Per Beltron	3 माह
9	वैशाली जिलान्तर्गत जन्दाहा प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के दो अदद् टी०पी०डी०एस० एस०एफ०सी० गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा)	2356996	47500	5900	As Per Beltron	3 माह
10	सारण जिलान्तर्गत दिघवारा प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के दो अदद् टी०पी०डी०एस० एस०एफ०सी० गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा)	1945398	39000	5900	As Per Beltron	3 माह
11	सारण जिलान्तर्गत तरैया प्रखण्ड स्थित 1000 मे०टन क्षमता के प्रीफैब टी०पी०डी०एस० एस०एफ०सी० गोदाम का पहुँच पथ निर्माण कार्य (पुनर्निविदा)	2193774	43900	5900	As Per Beltron	3 माह
12	सिवान जिलान्तर्गत मैरवा प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के दो अदद् टी०पी०डी०एस० एस०एफ०सी० गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा)	2386314	47800	5900	As Per Beltron	3 माह
13	मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के टी०पी०डी०एस० एस०एफ०सी० गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा)	1072381	21500	2950	As Per Beltron	3 माह
14	मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के टी०पी०डी०एस० एस०एफ०सी० गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा)	1246164	25000	2950	As Per Beltron	3 माह
15	मधुबनी जिलान्तर्गत रहिका प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के टी०पी०डी०एस० एस०एफ०सी० गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा)	1501651	30100	5900	As Per Beltron	3 माह
16	मधुबनी जिलान्तर्गत घोघरडीहा प्रखण्ड स्थित 500 मे०टन क्षमता के टी०पी०डी०एस० एस०एफ०सी० गोदाम का मरम्मति कार्य (पुनर्निविदा)	1482099	29700	2950	As Per Beltron	3 माह

Note:-Bidders should submit Bid processing fee,Tender Fee through online payment as per amount generated on website www.eproc2.bihar.gov.in

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in/www.sfc.bihar.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता,
उत्तरी बिहार कार्य प्रमंडल,
बिहार राज्य खाद्य निगम,मुजफ्फरपुर

PR. No. 014203 (B&C) 2026-27

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।

लोकतंत्र बचाओ अभियान को लेकर भाजपा ने बनायी रणनीति

5 नवंबर तक सभी मंडलों में होंगे कार्यक्रम

बगहा (आससे)। भाजपा के 'लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ' अभियान को लेकर बगहा में संगठनात्मक तैयारियां शुरू हो गई हैं। शनिवार को स्थानीय भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में पार्टी नेताओं ने अभियान की रूपरेखा पर चर्चा की और कार्यकर्ताओं को इसे मंडल स्तर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी। भाजपा का यह अभियान 22 अक्टूबर से पांच नवंबर तक चलेगा। बैठक में अभियान प्रभारी एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र मिश्रा, केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे, मत्स्य एवं पशुपालन मंत्री नंदकिशोर राम तथा बगहा विधायक राम



सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र श्रीवास्तव और रत्येंद्र नाथ तिवारी ने भी अभियान के संचालन और संगठन की भूमिका पर विचार रखे। पदयात्रा से युवा संवाद तक होंगे कार्यक्रम : अभियान के तहत प्रेस वार्ता, पदयात्रा, रैली, युवा संवाद, विद्यार्थी संवाद और प्रबुद्धजनों के साथ बैठकें आयोजित करने की योजना बनाई गई है। बैठक में नेताओं ने कहा कि कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों तक अभियान का संदेश पहुंचाने के साथ ही जनसंपर्क को भी गति दी जाएगी।

लोकतंत्र बचाओ भीड़तंत्र हटाओ पर एकजुट हुए भाजपा कार्यकर्ता

नौतन। भाजपा के आला अधिकारियों के दिशा निर्देश के आलोक में शनिवार को प्रखंड कार्यालय के किसान भवन में मंडल अध्यक्ष छोटे लाल कुशवाहा की अध्यक्षता में लोकतंत्र बचाओं भीड़तंत्र हटाओ कार्यक्रम के दौरान भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ताओं की बैठक की गई. बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष रूपक लाल श्रीवास्तव ने कहा कि पार्टी ने निर्णय लिया है कि देश में विरोधी दलों द्वारा एसआईआर को लेकर लोकतांत्रिक व्यवस्था पर कुठाराघात की कोशिश की जा रहीं है। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर इसके खिलाफ खड़े रहने का निर्णय लिया।

सर्पदंश से युवक की हुई मौत

हरनाटांड़ (आससे)। अनुमंडल अंतर्गत बगहा-2 प्रखंड अंतर्गत मंगलपुर औसानी पंचायत के औसानी गांव में



सर्पदंश से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान औसानी वार्ड संख्या पांच निवासी मुकेश महतो (30), पिता श्रीकांत महतो के रूप में हुई है। शुक्रवार को मतौरा सरेह स्थित धान के खेत में काम करने के दौरान जहरीले सांप के काटने से उनकी हालत बिगड़ गई। देर रात उनकी मौत हो गई।

एनबीडब्ल्यू का वारंटी गिरफ्तार

चौतरवा (आससे)। बगहा अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत चौतरवा थाना



पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई करते हुए एक गुप्त सुचना के आधार छापेमारी कर एस आई गुड्डू कुमार ने एन बी डब्ल्यू वारंटी जितेंद्र साह उम्र सैतीस वर्ष पिता स्वर्गीय राजेंद्र साह साकिन पतिलार कारखाना टोला थाना चौतरवा जिला पचंपारण को गिरफ़्तार कर न्यायिक हिरासत मे न्यायालय को सुपुर्द किया गया।

भाईचारे, अमन और शौहार्द का लगेगा जलसा

इस्तेमा का आयोजन 27 से 29 तक, लाखों के पहुंचने की संभावना

योगापट्टी। योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत राज सेमरी भवानीपुर के सेमरी गांव में 27, 28 और 29 अक्टूबर , 2026 को इस्तेमा का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन को लेकर तैयारियां जोरो पर हैं। आयोजकों को उम्मीद है कि इसमें देश के विभिन्न हिस्सों से लाखों की संख्या में लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम में कई बड़े मौलाना और इस्लाम धर्म से जुड़े विद्वानों के शिरकत होने की संभावना है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को अमन, भाईचारे, मोहब्बत और शांति का संदेश देना है। तीन दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में धर्मगुरु लोगों को बेहतर जीवन जीने, अच्छे आचरण अपनाने, आपसी प्रेम बनाए रखने और समाज में मिल-जुलकर रहने की सीख देंगे। इसके साथ ही लोगों को अपने जीवन को सही दिशा में आगे बढ़ाने और सामाजिक जिम्मेदारियों को समझने की भी जानकारी दी जाएगी। आयोजकों के अनुसार, इस्तेमा में शामिल होने वाले लोगों को धार्मिक उपदेशों के माध्यम से जीवन में अच्छे विचार अपनाने, जरूरतमंदों की मदद करने और आपसी मतभेदों को दूर कर सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने का संदेश मिलेगा। इस तरह के आयोजन समाज में एकता और सदभाव को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सेमरी गांव में होने वाले इस महाआयोजन को लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की संभावना को देखते हुए आयोजन की तैयारियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु मजदूर दिन रात काम में लगे हुए हैं। इस संबंध में डॉ. खुर्शीद मौलाना, शाहिद अंसारी, करमुल्लाह अंसारी, विदेशी कुमार, अफरोज आलम, मोहम्मद असगर, शाफिर आलम और रहमान सहित अन्य लोगों ने जानकारी दी।

वैज्ञानिक तरीके से रबी की खेती करें किसान, बढ़ेगा उत्पादन : बीडीओ

नौतन। प्रखंड कार्यालय में शनिवार को आयोजित रबी महाभियान के तहत प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण सह उपादान वितरण कार्यक्रम में बीडीओ गिरधारी लाल ने किसानों से वैज्ञानिक तरीके से खेती करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मौसम के अनुकूल खेती और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर किसान उत्पादन बढ़ाने के साथ अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएओ नेहा राज ने की। इसका उद्घाटन बीडीओ गिरधारी लाल, बीस सूत्री अध्यक्ष छोटे लाल कुशवाहा, आत्मा अध्यक्ष रामाधार कुमार, जिला सहायक मुस्तफा अंसारी, उपाध्यक्ष अरुण कुशवाहा, बीएओ नेहा राज, किसान राघव प्रसाद और तकनीकी प्रबंधक शालिनी कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर प्रगतिशील किसान राघव प्रसाद ने रबी फसलों की खेती में आने वाली चुनौतियों, आलू के साथ गन्ने की खेती की विधि तथा प्राकृतिक और रासायनिक खेती के लाभ-हानि की जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से अवगत कराना और खेती को अधिक लाभकारी बनाना था।

कृषि कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम

मझौलिया (पश्चिम चंपारण)। रवि महोत्सव के तहत कृषि भवन परिसर में बासंतिक रवि महाभियान 2026 के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने, उन्नत बीजों के चयन तथा सरकारी कृषि योजनाओं की जानकारी दी गई।

एक सप्ताह से पानी का एक-एक बूंद के लिए भटक रहे ग्रामीण

नौतन। प्रखंड क्षेत्र के पश्चिम नौतन पंचायत के वार्ड संख्या 11 में पिछले एक सप्ताह से पीएचईडी विभाग की ओर से संचालित नल-जल योजना का पानी नहीं मिलने से ग्रामीणों में आक्रोश है। पानी की आपूर्ति बंद रहने के कारण लोगों को पेयजल के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद विभागीय अधिकारियों की ओर से समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई है। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीण संजय कुमार, अमर सहनी, अमिरकन मियां सहित अन्य लोगों ने बताया कि सरकार की ओर से हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से नल-जल योजना शुरू की गई है, लेकिन वार्ड में इसका लाभ नियमित रूप से नहीं मिल पा रहा है। पिछले एक सप्ताह से पानी की आपूर्ति बंद है। ऐसे में परिवार के सदस्यों के लिए पीने, खाना बनाने, नहाने और अन्य घरेलू कार्यों के लिए पानी जुटाना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि नल-जल योजना में खराबी आने के बाद संबंधित विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई, लेकिन अब तक समस्या दूर करने के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। लोगों का कहना है कि सरकार ने योजना के माध्यम से घर-घर पानी पहुंचाने की व्यवस्था तो की है, लेकिन विभागीय स्तर पर नियमित निगरानी और समय पर मरम्मत नहीं होने से इसका उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है। पानी की आपूर्ति ठप होने के कारण वार्ड के कई परिवारों को मजबूरी में बगल के वार्ड में लगे नल-जल कनेक्शन से पानी लाने जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि दूसरे वार्ड में पानी लेने जाने पर वहां के कुछ लोग तरह-तरह की बातें करते हैं। इससे उन्हें शर्मिंदगी महसूस करनी पड़ती है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि आखिर कब तक उन्हें पानी के लिए दूसरे लोगों पर निर्भर रहना पड़ेगा और इस तरह की परेशानी झेलनी पड़ेगी। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि वार्ड में कई ऐसे घर हैं, जहां अब तक नल-जल योजना का कनेक्शन नहीं पहुंचा है। इससे संबंधित परिवारों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा नहीं मिल पा रही है। एक तरफ जिन घरों में कनेक्शन है, वहां भी नियमित पानी नहीं मिल रहा है, वहीं दूसरी तरफ कई परिवार कनेक्शन से वंचित हैं। ऐसे में योजना के क्रियान्वयन और निगरानी पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से वार्ड संख्या 11 में जल्द पानी की आपूर्ति बहाल कराने, नल-जल योजना की तकनीकी खराबी दूर करने और जिन घरों में कनेक्शन नहीं है, वहां कनेक्शन उपलब्ध कराने की मांग की है।